Title: Need to increase the number of reserved seats for Scheduled Castes and Tribes in Assembly and Lok Sabha elections in Maharastra.

श्री रामदास आठवले : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण विाय की ओर आकर्ाित करना चाहता हूं। 14 अक्टूबर, 1956 को डा. बाबासाहेब अम्बेडकर जी ने नागपुर में बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी और तब महाराट्र में अनुसूचित जातियों के लिए 36 असैम्बली की और छः लोक सभा की सीटें थीं। लेकिन जब हम लोगों ने हिन्दू धर्म से इसमें कन्वर्शन कर लिया तो उसके बाद 18 असैम्बली और 3 लोक सभा की सीटें कम कर दी गई थीं। डीलिमिटेशन कमेटी की चर्चा के समय मंत्री महोदय ने आश्वासन भी दिया था, इसीलिए अनुसूचित जातियों को मिलने वाली सुविधाएं तो बौद्धों को मिल रही हैं, लेकिन महाराट्र में असैम्बली की 18 और लोक सभा की तीन सीटें जो पहले कम कर दी गई थीं, उन्हें आने वाले चुनाव से पहले रिजर्व कर देना चाहिए - यही हमारी सरकार से मांग है। धन्यवाद।